CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 75 □ रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## तेंदूपत्ता बोनस फर्जीवाड़ा को लेकर एसीबी-ईओडब्ल्यू की छापेमारी जारी



**सुकमा,** 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)। सुकमा जिले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 6 जगह छापेमार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पूर्व एमएलए और सीपीआई नेता मनीष कुंजाम के रिश्तेदार और अन्य 5 तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घर आज (गुरुवार) तड़के टीम पहुंची है। सुकमा और कोंटा में 2 जगहों पर कार्रवाई चल रही है। जानकारी के मुताबिक छापे की कार्रवाई तेंदूपत्ता बोनस फर्जीवाड़ा से जुड़ा है। इसी मामले में डीएफओ अशोक पटेल निलंबित किए थे। एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने कुछ दिनों पहले ही रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा समेत 14 ठिकानों पर कार्रवाई की थी। सुकमा में निलंबित छ्स्नह अशोक पटेल सहित छिंदगढ़ और कोंटा के 2 शिक्षकों के घर जांच की गई। बीजापुर के सहायक आयुक्त के जगदलपुर स्थित मकान में भी दबिश दी थी। रायपुर से पहुंची एसीबी और ईओडब्ल्यू की 13 अफसरों की टीम ने जांच की थी। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिर दो टूक कहा है कि भाजपा सरकार की नीति भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की है। भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर, किसी भी रूप में हो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भ्रष्टाचार का आरोपी चाहे कितना ही रसूखदार हो, उसे अपने कृत्यों की सजा मिलकर रहेगी।

## अयोध्या के राम मंदिर में फिर से होगी प्राण प्रतिष्ठा!

**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)। अयोध्या में राम मंदिर में अगले महीने राम दरबार स्थापित किया जाएगा जिसे श्रद्धालुओं के लिए 6 जून से खोला जाएगा। हालांकि यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह जैसा नहीं होगा। मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी दी है। यह आयोजन, 2020 में शुरू हुए मंदिर निर्माण के पूरा होने से भी जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 2024 में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मिली जानकारी के मुताबिक, नृपेंद्र मिश्र ने एक न्यूज एजेंसी को फोन पर बताया कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा इस मंदिर के भूतल पर 2024 में हो चुकी है। अब राजा राम को प्रथम तल पर राम दरबार में विराजमान कराने की बारी है। ऐसा अनुमान है कि भगवान राम, उनके भाइयों और माता सीता की प्रतिमाएं अयोध्या पहुंचेंगी और 23 मई को मंदिर के प्रथम तल पर इन्हें स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब भगवान राम की प्रतिमा उनके दरबार में स्थापित होगी तो स्वभाविक है कि एक धार्मिक समारोह के बाद ही यह होगा।

## मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा भारत के शिकंजे में, तिहाड़ में होगी पूछताछ



**26/11 केस में मोदी सरकार की बड़ी सफलता**

**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)। मुंबई में 2008 में हुए भीषण आतंकी हमले (26/11) के प्रमुख आरोपियों में से एक, पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक ताहव्वुर हुसैन राणा (64) को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया है। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में भारतीय अधिकारियों ने उसे अपनी हिरासत में लिया, जिसके बाद अमेरिकी संघीय जेल ब्यूरो ने भी अपनी वेबसाइट से राणा का नाम हटा दिया। अब उसकी स्थिति 8 अप्रैल 2025 से बीओपी की हिरासत में नहीं बताई गई है। एक उच्चस्तरीय भारतीय टीम जिसमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी शामिल थे, ने अमेरिका में सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर राणा को अपने कब्जे में लिया। सूत्रों के अनुसार, टीम के दिल्ली लौटने से पहले एनआईए की डिप्टी इंस्पेक्टर जनरलजया रॉय ने राणा के प्रत्यर्पण वारंट पर हस्ताक्षर किए। भारत पहुंचने के बाद राणा को कड़ी सुरक्षा में तिहाड़ जेल ले जाया जाएगा। वहां एक संयुक्त एजेंसी टीम जिसमें दो खुफिया एजेंसियों के अधिकारी, एनआईए के जांचकर्ता और अपराध विज्ञान में विशेषज्ञता रखने वाले मनोवैज्ञानिक शामिल हैं, उससे गहन पूछताछ करेगी। पूछताछ का फोकस पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस, लश्कर-ए-तैयबा नेटवर्क और भारत में उसके संभावित सहयोगियों पर रहेगा। भारतीय खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, राणा ने भारत दौरे के दौरान 231 बार डेविड कोलमैन हेडली (असली नाम दाउद गिलानी) से संपर्क किया था। इनमें से अधिकांश कॉल हमले से ठीक पहले किए गए थे। राणा ने भारत में आठ अलग-अलग लोकेशनों का सर्वेक्षण भी किया था। अधिकारियों का मानना है कि राणा से पूछताछ करना चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि वह गहरे स्तर तक प्रशिक्षित और जांच प्रक्रियाओं से भली-भांति परिचित है। 26/11 साजिश मामले में राणा और डेविड हेडली के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा दर्ज मामले की सुनवाई के लिए केंद्र सरकार ने एडवोकेट नरेंदर मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है।


### ब्रेकिंग न्यूज

## एसएससी भर्ती घोटाले में ममता बनर्जी को अवमानना नोटिस



**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त शिक्षकों के एक वर्ग से मुलाकात की और उनका समर्थन करने की कसम खाई और आश्वासन दिया कि योग्य उम्मीदवार बेरोजगार नहीं रहेंगे। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2016 के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती के माध्यम से की गई 25,752 स्कूल नौकरियों की नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एसएससी (स्कूल सेवा आयोग) भर्ती घोटाले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करने वाली उनकी हालिया टिप्पणियों के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है।

## कांग्रेस अधिवेशन में खड़गे के बयान पर गरमाई सियासत सिंहदेव ने कही- पार्टी में परफॉर्मेंस बेस एसेसमेंट की बात



**रायपुर,** 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)। गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा है, जहां पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के काम नहीं करने वालों को हटाने वाले बयान पर पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव बेबाक बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जो काम नहीं करते, वो खुद से कभी जगह नहीं छोड़ेंगे. इसके साथ ही सिंहदेव ने पार्टी में परफॉर्मेंस बेस्ड एसेसमेंट सिस्टम होने की बात कही. यह भी पढ़ें = छत्तीसगढ़ के इस शहर में पानी के लिए हाहाकार, 37 करोड़ की योजना बनी सफेद हाथी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पार्टी में परफॉर्मेंस बेस एसेसमेंट सिस्टम होना चाहिए. इसी के आधार पर खुलेआम कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मैं 72 साल का हूं, मुझमें अभी भी ऊर्जा है. नए लोग किसी भी उम्र के हों, परफॉर्मेंस आधार होना चाहिए. कोई युवा है, और परफॉर्म नहीं कर पा रहा तो क्या मतलब.

## ट्रंप के दो बड़े ऐलान : चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ की मार, 75 देशों को 90 दिन की राहत

**नई दिल्ली,** 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ व्यापार युद्ध को बढ़ाते हुए उसके खिलाफ अतिरिक्त आयात शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह घोषणा करते हुए कहा है कि यह शुल्क तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे।

उन्होंने ऐसे देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए दस प्रतिशत तक सीमित रखने का फैसला किया है जो अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी मसलों को बातचीत के जरिए समाधान निकालने को इच्छुक है उन्होंने कहा है कि चीन ने विश्व के बाजारों के प्रति सम्मान का अभाव दिखाया है। इसके आधार पर उन्होंने उसके खिलाफ प्रशुल्क बढ़ाने का यह निर्णय लिया है। इससे पहले अमेरिका ने चीन के खिलाफ 50 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी जिससे हाल के दिनों में चीन से आयातित वस्तुओं पर घोषित आयात शुल्क बढ़कर 104 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसके जवाब में चीन ने भी कुल मिलाकर जवाबी आयात शुल्क को और बढ़ाकर 84 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। चीन ने कहा है कि वह अमेरिका के दबाव में नहीं आएगा और अंत तक लड़ेगा। ट्रंप ने इसी पोस्ट में कहा कि कभी न कभी आशा है कि निकट भविष्य में ही चीन और अन्य देशों को यह समझ में आएगा कि अमेरिका को नोचने के दिन अब और नहीं चलेंगे और इसे अधिक स्वीकार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के हाल के फैसलों के बाद और तथ्यों के आधार पर 75 से अधिक देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों से बात की है।

## बंदूक का जवाब बंदूक से होता है, अगर चर्चा चाहते हैं तो मुख्यधारा में आना होगा : विजय शर्मा



**नक्सली लीडर के पत्र पर गृह मंत्री शर्मा का बड़ा बयान**


**रायपुर,** 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म कर देंगे। शाह की डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। इस बीच नक्सलियों ने सप्ताहभर के भीतर दूसरी बार शांतिवार्ता के लिए सरकार के सामने अपनी बात रखी है। बीते बुधवार नक्सली लीडर रूपेश ने पर्चा जारी कर कहा है कि अगर सरकार की तरफ से सकारात्मक संकेत मिलते ही पूर्ण युद्धविराम अमल में आएगा। अब इस पर छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों की बात का जवाब देते हुए शांति वार्ता के लिए सरकार का रुख स्पष्ट किया है।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि नक्सलियों द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि वे स्कूल और अस्पतालों का विरोध नहीं करते। उन्होंने सवाल उठाया है कि अगर ऐसा है तो उन गांवों में अब तक टीवी क्यों नहीं देखा गया? खेती और सिंचाई की सुविधाएं अब तक क्यों नहीं पहुंची हैं?


उन्होंने आगे कहा, नक्सलियों ने शांति वार्ता के लिए अपील की है, लेकिन वे सामने आएं। उन्होंने किसी 'समिति' का जिक्र किया है तो वह समिति कौन-सी है वह स्पष्ट करें। हमारी सरकार ने शांति वार्ता के लिए किसी प्रकार की कोई समिति गठित नहीं की है। सदन में विपक्ष ने भी यह सवाल उठाया था और सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। जो भी लोग बातचीत करना चाहते हैं, वे मुझसे संपर्क करें। मैं उन्हें सुरक्षा देने को तैयार हूं, लेकिन यह स्पष्ट है कि बंदूक का जवाब बंदूक से ही दिया जाएगा। हम बार-बार नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील कर चुके हैं।

शर्मा ने कहा, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि नक्सली मुख्यधारा में लौटें और गांवों में रहने वाले लोगों को स्वतंत्र जीवन जीने दें। सरकार की नई पॉलिसी के तहत यदि कोई नक्सली सरेंडर करता है और यदि वह 5-6 वर्षों से संगठन से जुड़ा है, तब भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे बताया, यदि कोई व्यक्ति सरेंडर करना चाहता है, तो हम तैयार हैं। हम छोटे-बड़े सभी समूहों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हैं। आज हम 'वीआईआर' अभियान चला रहे हैं और अच्छी सेवा दे पा रहे हैं। हम गांव-गांव जाकर लोगों से बात कर रहे हैं। यह नरेंद्र मोदी की सरकार है और अमित शाह का आह्वान है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि सरकार के पास चार साल है और इन वर्षों में सब कुछ ठीक हो जाएगा। रूपेश सहित जिन्होंने यह पत्र लिखा है, मैं सभी से कहना चाहता हूं कि वे बंदूक छोड़ें। मैं उनसे बात करने के लिए तैयार हूं। बंदूक का जवाब बंदूक से होता है। अगर आप चर्चा चाहते हैं तो मुख्यधारा में आना होगा। आप लोग अवैध गतिविधियों में संलग्न हैं और भारत के संविधान को नहीं मान रहे हैं। यहां भारत है, यहां लोकतंत्र है, चीन नहीं। अलग-अलग टीमों द्वारा 28, 2 और 8 तारीख को पत्र जारी किए गए हैं, जिनमें से 2 तारीख का पत्र तेलुगु में है। हम हर सवाल का स्पष्ट रूप से उत्तर देंगे। गौरतलब है कि इससे पहले सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी कर स्वीकार किया था कि पिछले 15 महीनों में उनके 400 साथी मारे गए हैं। अगर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन रुकती है, तो हम शांतिवार्ता के लिए तैयार हैं। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वे शांतिवार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए कोई शर्त न हो।

## आज महावीर जयंती : राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर,** 9 अप्रैल। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि भगवान महावीर ने विश्व कल्याण के लिए सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, आडम्बरों और कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से हमें अनुशासन, तप और संयम की शिक्षा मिलती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर ने अपने जीवन से सत्य, अहिंसा, करुणा और अपरिग्रह जैसे महान मूल्यों का जो संदेश दिया, वह आज के सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। श्री साय ने कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च धर्म बताया और दया तथा प्रेम को जीवन का आधार बनाया।







CMYK